दिन– मंगलवार

दिनांक– 30 / 09 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. निर्वाचन आयोग ने राज्य में एसआईआर की प्रक्रिया पूरी होने के बाद किया अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन। सात करोड़ बयालीस लाख मतदाताओं के नाम शामिल।

02. आयोग ने पुनरीक्षण के बाद उनहत्तर लाख मतदाताओं के नाम हटाएं। इक्कीस लाख से अधिक मतदाताओं के नाम जोड़े गए।

03. केन्द्र सरकार ने नवादा और पावापुरी को जोड़ने वाली नई रेल परियोजना को मंजूरी दी। परियोजना के पूरा होने से जैन सर्किट में धार्मिक पर्यटन को नई दिशा मिलेगी।

04. भोजपुरी सिने स्टार पवन सिंह ने की भाजपा में वापसी। दिल्ली में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह और रालोमो प्रमुख उपेन्द्र कुशवाहा से की मुलाकात।

05. और, पूरे प्रदेश में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जा रही है महाअष्टमी। पूजा पंडालों में देवी के दर्शन और पूजन के लिए श्रद्धालुओं की उमड़ी भारी भीड़।

---

निर्वाचन आयोग ने राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया पूरी करने के बाद आज अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया है। अंतिम मतदाता सूची में सात करोड़ बयालीस लाख मतदाताओं के नाम शामिल किए गए है। इनमें इक्कीस लाख तिरेपन हजार नये मतदाता का नाम जोड़ा गया है। जबकि उनहत्तर लाख उनतीस हजार मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। एसआईआर से पहले जून दो हजार पच्चीस में राज्य में मतदाताओं की कुल संख्या सात करोड़ नवासी लाख थी। इसी सूची के आधार पर विधानसभा चुनाव कराए जायेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने बताया कि कोई भी मतदाता आयोग की वेबसाईट वोटर्स डॉट ईसीआई डॉट जीओवी डॉट इन के माध्यम से मतदाता सूची में अपने नाम का विवरण देख सकता है। श्री गुंजियाल ने कहा कि जिला मुख्यालय के साथ–साथ विधानसभा क्षेत्र के स्तर पर भी मतदाता सूची उपलब्ध होगी। इससे पहले, आयोग ने पहली अगस्त को प्रारूप मतदाता सूची जारी की थी। आयोग ने कहा कि बिहार के बाद मतदाता सूचियों को संशोधित करने के लिए विशेष अभियान पूरे देश में आयोजित किया जाएगा।

पटना जिले मे अंतिम मतदाता सूची प्रकाशन के बाद मतदाताओं की संख्या अड़तालीस लाख पन्द्रह हजार हो गई है। प्रारूप मतदाता सूची में मतदाताओं की संख्या छियालीस लाख इक्यावन हजार थी। इसमें एक लाख तिरेसठ हजार की बढ़ोतरी हुई है।

---

भाजपा नेता और राज्य सरकार के मंत्री नितीन नवीन ने कहा कि चुनाव आयोग ने अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया है। उन्होंने कहा कि इससे एसआईआर का लगातार विरोध कर रहे महागठबंधन दलों के नेताओं को झटका लगेगा।

---बाइट---

---

बिहार विधान परिषद की रिक्त होने वाली आठ सीटों के चुनाव के लिए मतदाता सूची बनाने का काम आज से शुरू हो गया है। इसके साथ ही मतदाता सूची में नाम शामिल करने के लिए योग्य मतदाताओं से आवेदन स्वीकार किये जा रहे हैं। आवेदन की अंतिम तिथि छह नवम्बर निर्धारित है। जिन सीटों के लिए चुनाव होना है, उनमें पटना, दरभंगा, तिरहुत और कोसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र  तथा पटना, दरभंगा, तिरहुत और सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र शामिल हैं।

---

केन्द्र सरकार ने नवादा और पावापुरी को जोड़ने वाली नई रेल परियोजना को मंजूरी प्रदान की है। रेलमंत्री अश्विणी वैष्णव ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि राज्य में रेल संपर्क के विस्तार और क्षेत्रीय विकास को गति देने के लिए यह निर्णय किया गया है। उन्होंने बताया कि पच्चीस किलोमीटर से अधिक लंबी इस रेललाईन के निर्माण पर चार सौ बिरानवें करोड़ से अधिक की लागति आएगी। इस परियोजना के पूरा होने से प्रमुख जैन तीर्थ स्थल पावापुरी राज्य के अन्य भागों से सीधे जुड़ जायेगा और जैन सर्किट में धार्मिक पर्यटन को नई दिशा मिलेगी। इस परियोजना से नालंदा विश्वविद्यालय और बोधगया जैसे महत्वपूर्ण शैक्षिक और सांस्कृतिक केन्द्रों तक पहुंच भी

आसान हो जायेगा। इधर, नवादा से भाजपा सांसद विवेक ठाकुर ने परियोजना की स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि बिहार में रेल क्रांति का लाभ इस क्षेत्र को भी मिलने जा रहा है।

---

लोजपा रामविलास के प्रमुख चिराग पासवान ने कहा है कि एनडीए की सरकार लगातार जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर ला रही है। जिससे लोगों को सीधा फायदा हो रहा है। श्री पासवान ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जनउपयोगी कार्यों से विपक्षी खेमे में घबराहट है।

———बाइट———

---

भोजपुरी सिने स्टार पवन सिंह ने आज नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह से उनके आवास पर मुलाकात की। भाजपा में पवन सिंह की वापसी की चर्चा के बीच यह मुलाकात काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इससे पहले पवन सिंह ने रालोमों प्रमुख उपेन्द्र कुशवाहा से भी मुलाकात की। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता और बिहार प्रभारी विनोद तावड़े भी मौजूद थे। गौरतलब है कि दो हजार चौबीस के लोकसभा चुनाव में पवन सिंह ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में काराकाट से चुनाव लड़ा था। इस सीट पर महागठबंधन के प्रत्याशी को जीत मिली थी।

---

लोजपा रामविलास के प्रमुख चिराग पासवान ने कहा है कि जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर द्वारा एनडीए नेताओं पर लगाए जा रहे आरोपों की जाँच की होनी चाहिए। पटना में मीडिया से बातचीत करते हुए श्री पासवान ने कहा कि आरोपों का जबाब दिया जा रहा है लेकिन जाँच से सब कुछ स्पष्ट हो जायेगा।

———बाइट———

———————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित वस्तु और सेवा कर बचत उत्सव 22 सितम्बर को शुरू हुआ और यह समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। ये सुधार विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर की दर कम करके नागरिकों को पर्याप्त लाभ प्रदान कर रहे हैं।

———बाइट———

नई जीएसटी सुधारों के अंतर्गत सरकार ने सीमेंट, मार्बल और ग्रेनाइट जैसे निर्माण से जुड़ी चीजों पर टैक्स को घटाकर आम आदमी को बड़ी राहत दी है। नए कर ढांचे के अंतर्गत सरकार ने मार्बल और ग्रेनाइट पर कर दरों को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया है। जीएसटी में इस कटौती से निर्माण में इस्तेमाल होने वाले सामानों की लागत में कमी आई है। जिससे आवास और बुनियादी ढांचा परियोजनाएं और अधिक किफायती हो गई हैं। इसी प्रकार, सीमेंट पर भी जीएसटी को 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। वहीं, सरकार ने ईंटों के निर्माण के लिए जॉब वर्क पर कर को घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया है, जो पहले 12 प्रतिशत हुआ करता था। इस निर्णय से ग्रामीण क्षेत्रों में आवास निर्माण की लागत कम होगी और ईंट भट्टे चलाने वाले सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को भी समर्थन मिलेगा। जीएसटी 2.0 के तहत इस युक्तिकरण से उपभोक्ताओं और निर्माताओं को राहत मिलने के साथ ही आवास उद्योग को भी बढ़ावा मिला है। कर में कटौती से घरेलू स्तर पर प्रतिस्पर्धा बढेगी और आयातित प्राकृतिक पत्थरों पर निर्भरता भी कम होगी। फर्श, आंतरिक सज्ज और सीमेंट की कम लागत से घर खरीदने वालों को लाभ मिलने की उम्मीद है और इससे सार्वजनिक व्यय का अधिक कुशल उपयोग होगा। रोहन के साथ सौम्या शरण, आकाशवाणी सामाचार दिल्ली।

———————————————————————————————

शारदीय नवरात्र के नौवें दिन आज देवी दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की पूजा–अर्चना की जा रही है।

———म्यूजिक———

मान्यता है कि देवी के महागौरी स्वरूप की आराधना से भक्तों को सुख–सौभाग्य की प्राप्ति होती है तथा उनकी सभी मनाकोमनाएं पूर्ण होती हैं। माँ का यह स्वरूप अभय, रूप और सौंदर्य प्रदान करने वाला होता है। महाअष्ठमी के अवसर पर पटना स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ बड़ी पटनदेवी मंदिर सहित प्रदेशभर के शक्तिपीठों और मंदिरों में पूजा–अर्चना के लिये सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है। खोइंछा भरने के लिए भी महिलाएं बड़ी संख्या में पहुंच रहीं हैं। आज के दिन कन्या पूजन का विशेष महत्व है। इधर, हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि देश–दुनिया के प्रमुख स्थलों की प्रतिकृति के रूप में अलग–अलग

हिस्सों में पूजा पंडाल बनाए गए हैं। इसके साथ ही पंडालों के आस–पास आकर्षक साज–सज्जा की गई है।

पटना के डाकबंगला चौराहे पर तंजौर के वृहदीश्वर मंदिर, एतवारपुर में अयोध्या के राम मंदिर, संपतचक में मथुरा के प्रेम मंदिर, कदमकुंआ में देवघर के बैद्यनाथधाम मंदिर और मीठापुर में काठमांडू के पशुपति नाथ मंदिर की तर्ज पर पंडाल का निर्माण किया गया है। विभिन्न स्थानों पर रामलीला, गरबा और डांडिया महोत्सवों का भी आयोजन किया जा रहा है। पूरा माहौल श्रद्धा और उत्साह के रंग में सराबोर है।

–––म्यूजिक–––

---

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने आज पटना के डाकबंगला चौराह स्थित पूजा पंडाल में पहुंच कर माँ दुर्गा से राज्य के लिए सुख–समृद्धि की प्रार्थना की। वहीं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महाअष्ठमी के अवसर पर पटना सिटी स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ बड़ी पटनदेवी और छोटी पटनदेवी में माँ दुर्गा का दर्शन और पूजन किया। श्री कुमार ने अगमकुआं स्थित शीतला माता मंदिर में भी पूरे विधि विधान के साथ पूजा–अर्चना की और राज्य में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

---

पत्र सूचना कार्यालय, पीआईबी पटना के अपर महानिदेशक आशीष कुमार लकड़ा तीस वर्ष की सरकारी सेवा पूरी करने के बाद आज सेवा निवृत्त हो गए। इस अवसर पर पीआईबी के पटना कार्यालय में उनके सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यालय प्रमुख कुमार सौरभ समेत आकाशवाणी और दूरदर्शन के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

---

आकाशवाणी के पटना केन्द्र में आयोजित हिन्दी पखवाड़ा का आज समापन हो गया। इस अवसर पर पखवाड़ा के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के चौवन विजेताओं को नकद राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। केंद्र प्रमुख हेमंत डी. सिडाम ने आकाशवाणी क्लब में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित

किया। केन्द्र प्रमुख और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए हिन्दी के बढ़ते प्रयोग के विभिन्न आयामों पर चर्चा की।

---

उर्दू और हिन्दी के प्रसिद्ध साहित्यकार, विश्लेषक और कई पुरस्कारों से सम्मानित डॉक्टर कासिम कुर्शीद का आज पटना स्थित उनके पैतृक आवास पर निधन हो गया। वे पैंसठ वर्ष के थे। उनके निधन पर अनेक गणमान्य लोगों ने शोक जताया है। परिजनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कल सुबह दस बजे पटना के शाहगंज कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्द–ए–खाक किया जायेगा।

---

01. निर्वाचन आयोग ने राज्य में एसआईआर की प्रक्रिया पूरी होने के बाद किया अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन। सात करोड़ बयालीस लाख मतदाताओं के नाम शामिल।
02. आयोग ने पुनरीक्षण के बाद उनहत्तर लाख मतदाताओं के नाम हटाएं। इक्कीस लाख से अधिक मतदाताओं के नाम जोड़े गए।
03. केन्द्र सरकार ने नवादा और पावापुरी को जोड़ने वाली नई रेल परियोजना को मंजूरी दी। परियोजना के पूरा होने से जैन सर्किट में धार्मिक पर्यटन को नई दिशा मिलेगी।
04. भोजपुरी सिने स्टार पवन सिंह ने की भाजपा में वापसी। दिल्ली में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह और रालोमो प्रमुख उपेन्द्र कुशवाहा से की मुलाकात।
05. और, पूरे प्रदेश में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जा रही है महाअष्टमी। पूजा पंडालों में देवी के दर्शन और पूजन के लिए श्रद्धालुओं की उमड़ी भारी भीड़।

---

समाप्त